हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 13 नवंबर 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 18 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ किया।
- हरियाणा विधानसभा के प्रथम सत्र राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ।

  राज्यपाल ने कहा कि आगामी 5 वर्ष में हर वर्ग और हर क्षेत्र की बेहतरी के लिए काम करना राज्य सरकार की प्राथमिकता रहेगी।
- हरियाणा सरकार किसानों के सशक्तिकरण के लिए सी.एम. पैक्स के नाम से 500 अत्याधुनिक प्राथमिक कृषि ऋण समितियां स्थापित करेंगी।
- हरियाणा सरकार नकली खाद बीज व कीटनाशक पर रोक लगाने के लिए कड़ा कानून बनायेगी।
- हरियाणा और चंडीगढ़ में ठंड ने दस्तक दी।

  मौसम वैज्ञानिकों ने तापमान में गिरावट को गेहूं की बिजाई के लिए उपयुक्त बताया।

***********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के दरभंगा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 18 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ किया। ये केंद्र, यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशनों पर सस्ती दवाओं की

उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले पांच साल में 75 हजार नई मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए देश में एक लाख 50 हजार से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर भी खोले गए हैं।

***********

हरियाणा की 15 वीं विधानसभा के प्रथम सत्र की शुरुआत आज राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के अभिभाषण के साथ हुई। सत्र को संबोधित करते राज्यपाल ने कहा कि आज हरियाणा में बिना रुके विकास के लिए अनुकूल वातावरण है। इस अनुकूल समय का अधिक से अधिक लाभ प्रदेश और इसकी जनता को मिले, यह दायित्व सभी सदस्यों का है।राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार को इन चुनावों में ऐतिहासिक और निर्णायक जनादेश मिला है। यह जनादेश सरकार की मौजूदा नीतियों और कार्यक्रमों में प्रदेशवासियों के अटूट विश्वास और निष्ठा की अभिव्यक्ति है।उन्होंने कहा कि गत 10 वर्षों में राज्य सरकार ने क्षेत्रवाद और परिवारवाद की संकीर्ण सोच से ऊपर उठकर काम किया है। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा को देश का एक जीवंत, गतिशील और उदयमान राज्य बनाना प्रदेश सरकार की परिकल्पना है।राज्यपाल ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में प्रदेश के हर वर्ग और हर क्षेत्र की बेहतरी के लिए काम करना राज्य सरकार की प्राथमिकता रहेगी।

***********

हरियाणा सरकार किसानों के सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए सी.एम. पैक्स के नाम से 500 अत्याधुनिक प्राथमिक कृषि ऋण समितियां स्थापित करेंगी। यह समितियाँ किसानों को प्रशिक्षण, विपणन और वित्तीय सेवाये

देने के लिए वन स्टॉप केंद्र का कार्य करेगी।राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज विधानसभा में अपने अभिभाषण में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि कृषक समूहों और पैक्स को अनाज भण्डारण के लिए गोदाम बनाने हेतु एक करोड़ रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा।

***********

हरियाणा विधानसभा के सत्र के पहले दिन सदन में पिछले सत्र और इस सत्र की अवधि के दौरान मृत्यु को प्राप्त हुए महान विभूतियों, स्वतंत्रता सेनानियों और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। सदन के नेता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण और कांग्रेस पार्टी की और से भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शोक प्रस्ताव पढे और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की गई।सदन में जिन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उनमें प्रदेश के भूतपूर्व मंत्री जसवंत सिंह, भूतपूर्व राज्य मंत्री भागी राम, हरि सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व सदस्य रणधीर सिंह, नरेश यादव, सुभाष चौधरी, राकेश दौलताबाद शामिल है।सदन में पद्म विभूषण रतन नवल टाटा, और स्वतंत्रता सेनानी हरि सिंह के और प्रदेश के 46 वीर सैनिकों के निधन निधन पर भी शोक प्रकट किया गया।

इसके अलावा इस वर्ष 11 अप्रैल को महेंद्रगढ़ जिले में कनीना के गांव उन्हानी के पास स्कूल बस हादसे में 6 मासूम बच्चों के दुखद एवं असामयिक निधन पर भी गहरा शोक प्रकट किया गया।दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया।

***********

हरियाणा सरकार नकली खाद, बीज व कीटनाशक पर रोक लगाने के लिए कड़ा कानून बनाएगी और किसानों को शत-प्रतिशत मुआवजा देना भी सुनिश्चित करेगी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज विधानसभा में अपने अभिभाषण में यह

घोषणा करते हुए कहा कि किसान कल्याण सरकार की नीतियों के केन्द्र में है।कृषि क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों के हित में कुछ दिन पहले ही आबियाने को खत्म किया गया है। इस साल मानसून में देरी से फसल की बढ़ी लागत के मद्देनजर सरकार ने हर किसान को राहत हेतु सभी खरीफ फसलों के लिए 2000 रुपये प्रति एकड़ बोनस दिया है।राज्यपाल ने कहा कि रबी मौसम 2023-24 में फसलों को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के लिए 49,000 किसानों को 133 करोड़ 75 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा दिया गया है। सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। सरकार ने ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से 12 लाख किसानों के खातों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी गई फसल के 1 लाख 24 हजार करोड़ रुपये अदा किए हैं।उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार रावी-ब्यास नदियों के पानी का अपना वैध भाग प्राप्त करने और सतलुज-यमुना लिंक नहर को पूरा करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन मामलों में निरंतर ठोस पैरवी की जा रही है।

***********

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा है कि अंबाला छावनी में बने नागरिक हवाई अड्डे पर सुरक्षा उपकरण स्थापित होते ही जहाजों की उड़ान शुरू हो जाएगी।उन्होंने कहा कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू से मिल कर इन उपकरणों को शीघ्र स्थापित करने का आग्रह किया गया है केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि जल्द ही सभी औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी और जैसे ही सुरक्षा उपकरण स्थापित हो जाएंगे तो उडान भी शीघ्र ही आरंभ हो जाएगी।

***********

हरियाणा और चंडीगढ़ में ठंड ने दस्तक दे दी है। चंडीगढ़, भिवानी,हिसार और पलवल से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि आज कोहरा पड़ने से आवाजाही व आम जन जीवन प्रभावित हुआ।भिवानी में आज तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस

दर्ज किया गया।मौसम वैज्ञानिक डा. देवीलाल ने तापमान में आई गिरावट का कारण वातावरण में नमी के कारण धुंध पड़ना बताया है।यह धुंध आने वाले तीन-चार दिनों के लिए और रहेगी।उन्होंने कहा कि गेहूं की बिजाई के लिए यह सही समय है। –

2 बाइट –डॉ देवी लाल

हिसार में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर मदन लाल खिचड़ ने बताया कि स्मॉग की स्थिति आने वाले एक-दो दिन इसी तरह बने रहने की संभावना है। बारिश की अभी संभावना नहीं बन रही परंतु एक-दो दिन के बाद तेज गति से हवाएं चल सकती हैं।उधर पलवल में पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने बताया कि कोहरे व धुंध के दौरान सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को वाहन चालकों को ट्रैफिक के नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए है।

***********

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन और शुल्क भरने की अंतिम तिथि 15 नवंबर तक बढ़ा दी है। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सैकेण्डरी शिक्षा निदेशालय निर्देशानुसार अध्यापक पात्रता परीक्षा के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्तर का आयोजन 7 व 8 दिसंबर को करवाया जा रहा है।

***********

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन और शुल्क भरने की अंतिम तिथि 15 नवंबर तक बढ़ा दी है। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार

अध्यापक पात्रता परीक्षा के प्रथम द्‌वितीय एवं तृतीय स्तर का आयोजन 7 व 8 दिसंबर को करवाया जा रहा है।

***********